# भारत बनेगा 2030 तक सौर ऊर्जा का हब

मुकेश अंबानी ने कहा कि 2030 तक भारत को सौर ऊर्जा का हब बनाने का लक्ष्य है। इसके तहत चार बड़े ढांचे तैयार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने 2030 तक देश में 450 गीगावाट नवीकरणीय उर्जा के उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जिसमें से अकेले रिलायंस ही 100 गीगावाट का उत्पादन करेगी। इसका एक हिस्सा गांवों में छतों पर सौर ऊर्जा प्लेट लगाकर उत्पादन किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को भी आय होगी। अंबानी ने कहा, अगर हम सौर ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल कर सके तो भारत की तेल आयात पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी।



- सौर ऊर्जा मॉड्यूल बनाने के लिए फैक्टरी लगेगी, ताकि चीन से आयात निर्भरता कम हो।
- सौर या पवन ऊर्जा के भंडारण के लिए अत्याधुनिक एनर्जी स्टोरेज बैटरी बनाने की फैक्टरी लगाएंगे।
- ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए इलेक्ट्रोलाइजर फैक्टरी बनाएंगे।
- हाइड्रोजन को ऊर्जा में बदलने के लिए फ्यूल सेल फैक्टरी लगेगी।

## देश के कुल निर्यात में रिलायंस की हिस्सेदारी 6 फीसदी से भी ज्यादा

मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत के कुल निर्यात में आरआईएल की हिस्सेदारी 6 फीसदी से भी ज्यादा पहुंच गई है। 2020-21 में कंपनी की कुल आय 5.4 लाख करोड़ रुपये रही। कंपनी का मुनाफा 38 फीसदी बढ़कर 53,739 करोड़ रुपये पहुंच गया। कमाई के साथ हमने सबसे ज्यादा जीएसटी और वैट भी चुकाया।